Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 8 | रामवृक्ष बेनीपुरी

## QUIZ-01

1. **रामवृक्ष बेनीपुरी का उपनाम क्या था?**
   A. लेखनी का साधक B. शब्दों का जादूगर
   C. कलम का जादूगर
   D. कथाओं का रचयिता (C)

***व्याख्या :*** रामवृक्ष बेनीपुरी को साहित्य जगत में 'कलम का जादूगर' कहा जाता था।

2. **बालगोबिनभगत का कद कैसा था?**
   A. लंबा B. नाटा
   C. मँझोला D. छोटा (C)

***व्याख्या :*** बालगोबिनभगत मँझोले कद के व्यक्ति थे।

3. **भगत हमेशा सिर पर कैसी टोपी पहनते थे?**
   A. ऊनी टोपी
   B. कबीरपंथियों जैसी कनफटी टोपी
   C. चमड़े की टोपी
   D. सफेद टोपी (B)

***व्याख्या :*** भगत हमेशा कबीरपंथियों जैसी कनफटी टोपी पहनते थे।

4. **जाड़े में बालगोबिनभगत क्या ओढ़ते थे?**
   A. लाल कमली B. काली कमली
   C. ऊनी चादर D. सफेद गमछा (B)

***व्याख्या :*** जाड़े में वे काली कमली ओढ़ा करते थे।

5. **बालगोबिनभगत की माला किससे बनी होती थी?**
   A. सोने की B. तुलसी की जड़ों की
   C. चाँदी की D. रुद्राक्ष की (B)

***व्याख्या :*** उनके गले में तुलसी की जड़ों की बनी बेडौल माला रहती थी।

6. **भगत किसे 'साहब' मानते थे?**
   A. तुलसीदास B. कबीर
   C. सूरदास D. नानक (B)

***व्याख्या :*** वे कबीर को 'साहब' मानते थे और उनके आदेशों पर चलते थे।

7. **बालगोबिनभगत खेती से जो उपजाते थे, उसका क्या करते थे?**
   A. बाजार में बेचते थे
   B. पहले साहब के दरबार में भेंट चढ़ाते थे
   C. घर में ही रख लेते थे
   D. गरीबों में बाँट देते थे (B)

***व्याख्या :*** वे खेत की उपज पहले साहब (कबीरपंथी मठ) में भेंट करते और जो प्रसाद मिलता, उसी से घर चलाते थे।

8. **बालगोबिनभगत किस कला में पारंगत थे?**
   A. नृत्य में B. संगीत में
   C. चित्रकला में D. शिल्पकला में (B)

***व्याख्या :*** वे कबीर के मधुर पद गाकर श्रोताओं को मुग्ध कर देते थे।

9. **बेनीपुरी जी की कौन-सी कृति एक नाटक है?**
   A. पर्णों के देश में B. अंबपाली
   C. चिता के फूल D. माटी की मूर्तियाँ (B)

***व्याख्या :*** 'अंबपाली' बेनीपुरी की प्रसिद्ध नाटक कृति है।

10. **निम्नलिखित में से कौन-सी रचना रामवृक्ष बेनीपुरी की नहीं है?**
    A. चिता के फूल B. पैरों में पंख बाँधकर
    C. माटी की मूर्तियाँ D. गोदान (D)

***व्याख्या :*** 'गोदान' मुंशी प्रेमचंद की रचना है, न कि रामवृक्ष बेनीपुरी की।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App